तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 26 फरवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 कुष्ठ मरीजों से संयमित व्यवहार की नसीहत, विभागीय ...



14 समाज सेवी बसंत अग्रवाल ने बागेश्वर धाम में ...




## पर्व : जिला मुख्यालय सहित अंचल में शिव मंदिरों में की गई है जोरदार तैयारी

# महाशिवरात्रि आज, शिवालयों में गूंजेगा हर-हर महादेव, निकाली जाएगी शिवजी की बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिलेभर में आज महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय सहित सभी शिवालयों में महाशिवरात्रि की तैयारियां पूरी हो गई हैं। आज महाशिवरात्रि के शुभ दिन पर भक्त स्नान कर भगवान शिव की पूजा आराधना में जुट जाएंगे। हर शिव मंदिरों में घण्टी की धुन व हर हर महादेव की गूंज होगी। सुबह से ही शिवालयों में जलाभिषेक करने के पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजारों की भीड़ जुटेगी। शिवालयों को रंग-बिरंगे झालरों और फूलों से सजाया गया है। शिव मंदिर में मंगलवार रात से जलाभिषेक शुरू हो गया है, जो आज बुधवार देर रात तक चलेगा। इसके अलावा जिला मुख्यालय सहित अंचल के मंदिरों से शिव बरात भी भव्य निकाली जाएगी।

बता दें कि ब्लॉक बेरला क्षेत्र के पास सोमनाथ मंदिर पाहन्दा, करोकन्या शिव मंदिर बेरला, ग्राम सिंघौरी भूमि फोड़ शिव मंदिर, ग्राम भेड़नी सहित ग्रामीण और शहर के सभी शिव मंदिरों में जलाभिषेक चढ़ाए जाएंगे। आपको बता दें कि अंचल में शिव पार्वती के बारात व शोभायात्रा निकाल कर धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। महाशिवरात्रि के दिन सुबह 7 बजे से लेकर दूसरे दिन सुबह 6 बजे तक रुद्राभिषेक होगा।

**खास बातें**

- भगवान महादेव की पूजा-अर्चना के लिए सुबह से जुटेंगे श्रद्धालु
- मंदिरों में विशेष पूजा के साथ किया जाएगा शिवजी का अभिषेक





### अकलवारा में महाशिवरात्रि पर हवन के बाद लगेगा भव्य मेला

**बेमेतरा।** ग्राम अकलवारा में रामधुनी मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आज महाशिवरात्रि पर्व पर भव्य मेला का आयोजन किया गया है। सुबह शिव पूजन के पश्चात दोपहर 12 बजे से हवन पूजन का कार्यक्रम होगा। 2 से स्थानीय रामधुनी मंडली द्वारा सुंदर गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति होगी। रात्रि 9 बजे से आकाशगंगा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी दाऊ टोला अंबागढ़ चौकी वालों का कार्यक्रम रखा गया है। इसकी तैयारियां जोर-जोर से शुरू कर दी गई है। ग्राम के नवनिर्वाचित सरपंच विजय साहू और ध्रुव साहू ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक मेला आयोजन समिति का भी गठन किया गया है। समिति के संरक्षक पूर्व सरपंच कमल नारायण साहू, पूर्व सरपंच संतोष साहू, रामकुमार साहू, नवनिर्वाचित सरपंच विजय साहू हैं। समिति के अध्यक्ष दुकलहा राम सिन्हा, सचिव गुनी राम साहू तथा सदस्यों में आनंद राम साहू, कामता राम, चतुर साहू, चोखेलाल साहू, नंदू साहू, विश्वनाथ साहू, बुलाकी साहू, मोहन सिन्हा, सियालाल, मोतीराम साहू, नंदकुमार साहू, भूपत साहू, फगुवाराम, टीकाराम, गजाधर साहू, शोभित यादव शामिल हैं।



### ग्राम सिंघौरी में मेला आज



**बेमेतरा।** महाशिवरात्रि पर्व पर श्री शिव गौरी धाम ग्राम सिंघौरी में श्री अखंड नवधा रामायण ज्ञान गंगा समारोह का आयोजन 26 फरवरी बुधवार से 1 मार्च शनिवार तक किया जा रहा है। आने वाली मानस मंडली को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। इस ज्ञान गंगा समारोह में दंडी स्वामी श्री मज्जयोतिर्मयानंद सरस्वती महाराज सपाद लक्षेश्वर धाम 27 फरवरी को, 28 फरवरी को संत श्री रामबालक दास जी महात्यागी मां कौशिल्या धाम जामड़ी पाटेश्वर धाम बालोद, शोर संदेश मानस मंडली महासमुंद नंदकुमार साहू 1 मार्च को कार्यक्रम में पधारेंगे। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य मेला का आयोजन किया गया है। मंचस्थ क्रम में प्रत्येक मानस मंडली को सम्मान राशि दी जाएगी। अखंड नवधा रामायण का यह 42 वां वर्ष है। समिति के अध्यक्ष सुशीलपुरी गोस्वामी ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से मानस समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप

### मतदान सामग्री जमा कर घर लौट रहे दो कर्मचारी घायल



**बालोद।** बालोद-दल्ली मुख्य मार्ग पर पर्यावरण पार्क के पास बाइक से गिरकर दो कर्मचारी घायल हो गए। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान केंद्र में लगी थी। मतदान सामग्री जमा करने के बाद सोमवार की सुबह 5 बजे घर वापस लौट रहे थे, तभी यह घटना घट गई। बाइक सवार बालोद से दल्लीराजहरा की ओर जा रहे थे। घायलों ने इस सम्बन्ध में बालोद थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

### शहर में चला सफाई अभियान



**बालोद।** वार्ड नंबर 12 गंजपारा स्थित मंडी से लेकर गजानंद राइस मिल के आगे तक नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा जेसीबी व ट्रैक्टर की मदद से कूड़े कचरों की सफाई की गई। शहर में वर्तमान में हुए नपा अध्यक्ष व पार्षदों के चुनाव के बाद जनप्रतिनिधि शहर में साफ सफाई व अन्य कार्यों पर विशेष ध्यान देते हुए सभी अपने वादों को पूरा करने के प्रयास में लगे हुए दिख रहे हैं। अध्यक्ष के साथ पार्षद भी चुनाव के बाद अपने वार्डों में जाकर चुनाव के समय जिन समस्याओं को दूर करने का वादा किया था, उन्हें दूर करने तथा वार्ड व शहर की अन्य समस्याओं को देखते हुए कार्यों को तेजी प्रदान कर रहे हैं। इसके तहत शहर में कई वार्डों में सफाई के साथ अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण व आंकलन किया जा रहा है।

### घर में चल रही थी विवाह की तैयारी, युवक ने लगा ली फांसी

**बालोद।** ग्राम दानीटोला में शादी के दो माह पहले 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार कोमल सिंह रावटे 30 वर्ष ने सोमवार की सुबह घर में फांसी लगा ली। कोमल की पिछले महीने ही सगाई हुई थी। वहीं, 20, 21 और 22 अप्रैल को विवाह होना था। घर में विवाह की तैयारियां जोरों पर थीं, लेकिन इसी बीच कोमल ने यह कदम उठा लिया। पुलिस के अनुसार मृतक के पिता तिलक रावटे सुबह से ही खेत गए हुए थे। कोमल अपने कमरे में अकेला था। अंदर से कोई आवाज नहीं आने पर कोमल की मां को कुछ अजीब लगा। खिड़की से झांका, तो उसका बेटा कोमल फंदे के सहारे लटक रहा था। मां की चीख-पुकार सुनकर परिवार के अन्य सदस्य दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कोमल बालोद के कर्मा कॉम्प्लेक्स में एक मोबाइल दुकान में काम करता था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, बालोद टीआई रविशंकर पांडेय के अनुसार युवक के पास से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जांच जारी है।



### भोले बाबा के दरबार में 129 ज्योति कलश स्थापित

**डौंडीलोहारा।** ग्राम गैजी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संतु साहू ने बताया कि इस अवसर पर शिवभक्तों द्वारा बाबा भोले के दरबार में 129 अखंड ज्योति कलश की स्थापना की गई है।

## साजा व बेरला क्षेत्र के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को दिया गया प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तृतीय चरण में साजा व बेरला जनपद क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य के 07 विजयी प्रत्याशियों को बुधवार को रिटर्निंग अधिकारी जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल ने विधिवत प्रमाण पत्र प्रदान किया। यह प्रमाण पत्र वितरण समारोह जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुआ, जहां जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों की औपचारिक घोषणा के साथ प्रमाण पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर अन्य कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचित सदस्यों में प्रमुख नाम जिसमे देवी परमेशवर वर्मा क्षेत्र क्रमांक 08 उमरावनगर, प्रीति गोवेन्द्र पटेल क्षेत्र क्रमांक 09 खैरझिटीकला, अनिल वर्मा क्षेत्र क्रमांक 10 मोहतरा, खुशबु गोविंद वर्मा क्षेत्र क्रमांक 11 सुरूजपुरा, अंजनी कुमार चंदेल क्षेत्र क्रमांक 12 भाठासोरही, राहुल योगराज टिकरिहा क्षेत्र क्रमांक 13 सुरहोली और कल्पना योगेश तिवारी क्षेत्र क्रमांक 14 बेरलाकला शामिल हैं। ये सभी सदस्य साजा व बेरला के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों से चुने गए हैं और इनका चयन शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी टेकचंद अग्रवाल ने ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी और उन्हें अपने-अपने क्षेत्र के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों का यह चरण ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और पंचायत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी निर्वाचित सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया।

- रिटर्निंग अधिकारी जिपं सीईओ टेकचंद ने प्रदान किया प्रमाण पत्र

## पहले चुराई 4 लाख की सेंट्रिंग, दोबारा चोरी करने पहुंचे और धरे गए आरोपी

**बेरला ब्लॉक ग्राम बोहारडीह में निर्माणाधीन पुलिया से चुराई थी लोहे की 229 सेंट्रिंग प्लेट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला ब्लॉक के ग्राम बोहारडीह में निर्माणाधीन पुलिया से 229 नग लोहे की सेंट्रिंग प्लेट चोरी मामले में पुलिस ने खरीदार कबाड़ी सहित 3 आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया माल बरामद किया गया, जिसकी कीमत 4 लाख रुपए है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 303 (2), 317 (4), 3(5) बीएनएस का अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी नफीस अली पिता निसार अली उम्र 27 साल स्टेशन रोड सत्कार गली हॉटल, नर्मदा पारा रायपुर ने 16 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके मामा रिजवान खान निवासी आनंद नगर रायपुर द्वारा आईके कंस्ट्रक्शन के नाम से ग्राम बोहारडीह पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा में पुलिया निर्माण कार्य ठेका में लेकर कार्य करवा रहे हैं। वहां पुलिया बनाने का काम चल रहा है, जिसकी देखरेख वह करता है। ग्राम बोहारडीह में निर्माणाधीन पुलिया के पास 229 नग लोहे की सेंट्रिंग प्लेट प्रत्येक का वजन 35-35 किलो पुरानी इस्तमाली, 20 नग लोहे का वैकेट प्रत्येक का वजन करीबन 20-20 किलो जिसकी कीमत 4 लाख रूपये है, जो निर्माणाधिन पुलिया के खुले स्थान पर रखा था। लोहे के उक्त सभी सामान को 14 एवं 15 फरवरी की मध्य रात्रि कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

उक्त रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस इस मामले पर जांच कर रही थी कि इसी बीच आरोपीगण बलवीर सिंह उम्र 21 साल वार्ड 15 कुम्हारी, वीर देवार उर्फ भैरा उम्र 20 सान वार्ड नं. 4 सब्जी मार्केट के सामने कुम्हारी अपने नाबालिग साथी के साथ आरोपी बलवीर सिंह के वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएम 5289 में दोबारा रात्रि के समय चोरी करने की नीयत से घटना स्थल के पास पहुंचे। इसी बीच उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर 13 एवं 15 फरवरी की दरम्यानी रात्रि में घटना स्थल के पास वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएम 5289 में भरकर चोरी कर कुम्हारी ले जाकर समीरउद्दीन कबाड़ी दुकान वाले के पास बिक्री कर देना बताया। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर चोरी गये सम्पत्ति को आरोपी समीरउद्दीन के कब्जे से जब्त किया गया है।



### चोरी का सामान खरीदने वाला कबाड़ी भी गिरफ्तार

प्रकरण में आरोपी समीरउद्दीन द्वारा चोरी का सामान बार-बार खरीदना पाये जाने से प्रकरण में धारा 317(4), 3(5) बीएनएस जोडी गई हैं। प्रकरण में आरोपी बलवीर सिंह सरदार, वीर देवार साकिनान कुम्हारी थाना कुम्हारी जिला दुर्ग एवं 02 विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालकों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरनेश कुमार विरूद्ध विहार राज्य एवं अन्य क्रिमिनल अपील नंबर 1277/14 निर्णय दिनांक 02 जुलाई 2014 मे दिये गये दिशा निर्देशो के अनुपालन में भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता की धारा 35(1)(**b**)(**ii**) के सभी शर्तों का पालन करते हुये कारवाई की गई । उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी कंडरका प्रभारी सउनि कंवल सिंह नेताम, सउनि तुलाराम देशमुख, प्रधान आरक्षक पोषण साहू, आरक्षक दीपक डेहरे, दिनेश साहू, हेमंत साहू, योगेश साहू, मुरली सोनी, गौतम ठाकुर, भवेश पुरी, जागेश्वर वर्मा एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे ।

### जिला चिकित्सालय में जिला मेडिकल व दिव्यांग बोर्ड का आयोजन 28 को

**बेमेतरा।** जिला चिकित्सालय बेमेतरा में प्रत्येक बुधवार को जिला मेडिकल बोर्ड के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सकीय प्रमाण पत्र बनाया जाता है। उपरोक्त संबंध में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ यशवंत कुमार ध्रुव से प्राप्त जानकारी अनुसार आने वाले बुधवार 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर शासकीय अवकाश होने कारण यह मेडिकल बोर्ड का आयोजन 27 फरवरी गुरुवार 2025 को आयोजित किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारण से संशोधित करते हुए आयोजन 28 फरवरी शुक्रवार को किया जाएगा। उक्त दिनांक को लाभार्थी इस सुविधा का लाभ ले सकते है । जिला चिकित्सालय बेमेतरा में जिला मेडिकल बोर्ड एवं एवं दिव्यांग बोर्ड से संबंधित कार्यों के सफल कियान्वयन हेतु विशेषज्ञों डॉक्टर की ड्यूटी भी लगाई गई है, जिसमें सिविल अस्पताल सुपेला भिलाई व जिला चिकित्सालय दुर्ग में पदस्थ डॉ. अनुरंजन टोप्पो अस्थि रोग विशेषज्ञ सिविल अस्पताल सुपेला भिलाई एवं डॉ.एम.के. मरकाम पी.जी.एम.ओ. (ई.एन.टी.) जिला अस्पताल दुर्ग ,उक्त विशेषज्ञों की ड्यटी जिला चिकित्सालय बेमेतरा में लगाई गई है ताकि संबंधित मेडिकल बोर्ड एवं दिव्यांग बोर्ड का सफल कियान्वयन किया जा सके।

## प्रशासन ने की आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उत्थान की अनूठी पहल

# प्रयागराज के गंगा जल से कैदियों ने किया स्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ सरकार ने जेलों में बंद कैदियों के नैतिक उत्थान और आध्यात्मिक शुद्धि के उद्देश्य से एक अनूठी पहल की है।

इस पहल के तहत बेमेतरा जेल के कैदियों को प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए पवित्र गंगाजल से स्नान कराया गया। सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य कैदियों को आध्यात्मिक लाभ पहुंचाना और उन्हें आत्मशुद्धि का अनुभव कराना है। मंगलवार को महाशिवरात्रि से एक दिन पहले, बेमेतरा जेल में विशेष रूप से प्रयागराज से मंगवाए गए गंगाजल को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद जल टैंक में डाला गया।

इसके बाद सभी बंदियों ने "जय गंगा मैया" के जयघोष के साथ पवित्र स्नान किया। इस दौरान कैदियों के चेहरे पर खुशी और आत्मिक सुकून झलक रहा था। बेमेतरा जेल के सहायक जेल अधीक्षक डी.सी. ध्रुव के अनुसार, इस आयोजन में कुल 148 बंदियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ गंगाजल से स्नान किया।



### महाकुंभ का महत्व और इसकी ऐतिहासिक विशेषता

भारत में हर 12 वर्ष में चार प्रमुख स्थानों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में महाकुंभ का आयोजन होता है। इनमें से प्रयागराज महाकुंभ को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि यह गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर स्थित है। इस बार प्रयागराज में महाकुंभ का 12वां चक्र पूरा हुआ है, जो 144 वर्षों में एक बार आता है। इस कारण इसकी आध्यात्मिक महत्ता और अधिक बढ़ गई है। समाचारों के अनुसार, अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं और यह संख्या निरंतर बढ़ रही है। महाकुंभ में स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति का विश्वास किया जाता है और इसी भावना से बेमेतरा जेल के कैदियों ने भी इस पवित्र स्नान का लाभ उठाया।

### ग्राम पीपरछेड़ी में रामायण मेला आज

**बालोद।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम पीपरछेड़ी में 26 फरवरी को रामायण मेला का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घमघोर साहू होंगे, अध्यक्षता टीआर सिन्हा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान रूद्रेश्वर मानस परिवार भोथली, श्रीराम मानस मंडली कुम्हारपारा खल्लारी, जय शीतला मानस परिवार चिचबोड़, श्रीराम रसिक मानस परिवार शिकारीपारा, जय माँ शीतला महिला मानस परिवार भेंडिया नवागांव एवं निकेतन मानस परिवार नेवारीखुर्द अपनी संगीतमय प्रस्तुति देंगी।


**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### 18 नवनिर्वाचित साहू समाज के पार्षदों का सम्मान

**रायपुर**। युवा प्रकोष्ठ शहर जिला साहू संघ रायपुर द्वारा जिला संयोजक देवदत्त साहू के नेतृत्व में युवा महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर साहू समाज के नवनिर्वाचित 18 पार्षदों का सम्मान रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। युवा महोत्सव में शहर के विभिन्न स्कूल व कॉलेज के छात्र छात्राओं के लिए प्रतियोगिता रखी गई। इसके साथ ही सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों को मंच से सम्मानित होने का मौका मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, प्रदेश साहू संघ के कार्यकारी अध्यक्ष पूनम कुमार साहू, शहर जिला साहू संघ के अध्यक्ष केशव साहू, प्रदेश साहू संघ की सचिव सीमा साहू, कार्यकारी अध्यक्ष यादराम साहू, सभापति रघुनाथ साहू, युवा प्रकोष्ठ सह संयोजक मोंटी साहू, महासचिव मनीष साहू सहित युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा नवनिर्वाचित पार्षदगण उपस्थित रहे।

### तुलसी में अवैध शराब बिक्री नशाखोरी का होगा खात्मा: धीवर



**रायपुर**। रायपुर जिले अंतर्गत ग्राम तुलसी के लोग अवैध शराब की बिक्री और नशाखोरी से त्रस्त हो चुके हैं। अवैध शराब की बिक्री से गांव में बच्चों को भी नशे की लत लग रही है। गांव के नवनिर्वाचित सरपंच सुरेश कुमार धीवर ने कहा कि गांव में अवैध शराब की बिक्री का खात्मा करना उनकी प्राथमिकता में है। शराब की अवैध बिक्री बंद होगी, तो नशाखोरी भी कम होगी, जिससे गांव के भविष्य बच्चे भी सुरक्षित रहेंगे और पढ़ाई-लिखाई कर अपना-अपने परिवार के साथ गांव का नाम रोशन कर पाएंगे। ग्राम तुलसी में सरपंच का पद जीतने के बाद सुरेश धीवर ने विजय जुलूस रैली निकाली।

### ज्ञान प्रतियोगिता में 100 स्कूलों ने लिया भाग

**रायपुर**। अखिल भारतीय योग वेदांत सेवा समिति द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में सोमवार को जिला स्तरीय दिव्य प्रेरणा प्रकाश ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता दो सत्रों में की गई। प्रतियोगिता में शासकीय स्कूलों के छात्रों की उपस्थिति अधिक देखी गई। इस दौरान शासकीय और निजी स्कूलों के शिक्षकों ने इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा आगे भी ऐसे आयोजन होते रहने पर जोर दिया। ताकि बच्चों के आध्यात्मिक ज्ञान के स्तर को परखा जा सकें, आज बच्चे संस्कार, संस्कृति और आध्यात्मिक ज्ञान से दूर होते जा रहे हैं। जिन्हें संत आशाराम बापू के सत्संग द्वारा देश के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संवर्द्धन संरक्षण और समाजोत्थान के कार्य किए जा रहे हैं जो सराहनीय है।

# कुष्ठ मरीजों से संयमित व्यवहार की नसीहत, विभागीय तालमेल बनाकर इलाज पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इलाज के लिए आने वाले कुष्ठ मरीजों से संयमित व्यवहार करने की नसीहत राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम ने दी है। साथ ही त्वचा, फिजियोथैरेपी, पैथोलॉजी सहित अन्य विभाग के चिकित्सकों को समन्वय बनाकर उनके उपचार की नसीहत दी है। मानव अधिकार की टीम ने त्वचा रोग विभाग के साथ परिसर में स्थित कुष्ठ अस्पताल का निरीक्षण भी किया।

मानव अधिकार आयोग की टीम कुष्ठ रोगियों के उपचार और उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के साथ किए जाने वाले व्यवहार के बारे में भी जानकारी ले रही है। इसके तहत उनके द्वारा दोनों कुष्ठ अस्पताल में चिकित्सकीय स्टाफ द्वारा उनसे किए जाने वाले व्यवहार के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। सोमवार को मानव अधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर डा. प्रदीप्ता कुमार नायक ने जिला अस्पताल में बैठक लेकर त्वचा रोग सहित अन्य विभाग के चिकित्सकों को मरीजों की जांच और उपचार के दौरान मधुर व्यवहार बरतने की हिदायत दी। इस दौरान त्वचा रोग विभाग में आने वाले मरीजों के बारे में भी जानकारी ली गई। उन्होंने जिला अस्पताल के हमर लैब का भी दौरा किया और वहां मरीजों को निशुल्क दी जाने वाली जांच सुविधा के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी सहित अन्य चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ मौजूद थे।

#### मानव अधिकार आयोग की टीम ने जिला अस्पताल में ली बैठक

##### कुष्ठ बस्ती का कर चुके हैं दौरा

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के प्रतिनिधि कुछ दिन पहले यहां कुष्ठ बस्ती जाकर वहां उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ले चुके हैं। इसके साथ ही लालपुर में स्थित कुष्ठ अनुसंधान संस्थान, इंदिरा कुष्ठ बस्ती लेप्रोसी होम एंड हॉस्पिटल पंडरी कुष्ठ चिकित्सालय में मरीजों को प्रदाय की जाने वाली सामग्री, एमसीआर चप्पल, सेल्फ केयर किट, बैसाखी, चश्मा का वितरण संबंधी विस्तृत जानकारी ले चुके हैं।



##### शहरी इलाके में मरीज, जताई चिंता

छत्तीसगढ़ में कुष्ठ पीड़ितों की संख्या काफी अधिक होने के साथ शहरी इलाके में भी इनकी उपस्थिति पर चिंता जाहिर की गई। प्रतिनिधियों ने जिला अस्पताल के डाक्टरों से इसकी वजह जानने का प्रयास किया। उन्होंने कहा विभागीय सामंजस्य के साथ इसमें कमी लाने पर जोर दिया। उन्होंने लेप्रोसी प्रभावितों के अस्पताल आने से लेकर उनके उपचार शुरू होने तक की प्रक्रिया को जानने का प्रयास किया।

## केंद्रीय भंडारण निगम में पौधारोपण, बांटे गए थैले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय भंडार गृह क्रमांक-4 रावांभाटा रायपुर 14 से 28 फरवरी तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम मना रहा है। इसके तहत केंद्रीय भंडार निगम में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पौधारोपण के साथ भंडारगृह के प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता जागरूकता के बैनर एवं स्टिकर लगाए गए हैं, वहीं प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत आम लोगों को निःशुल्क कपड़े के थैले बांटकर प्लास्टिक थैले का इस्तेमाल नहीं करने जागरूक किया। भंडार गृह प्रबंधक एसके यादव ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत भंडारगृह में साफ-सफाई से लेकर कर्मचारियों सहित आम लोगों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने बैनर और स्टिकर लगाए गए हैं। इसके लिए भंडार गृह में स्वच्छता के लिए जल एवं स्वच्छता समिति का गठन भी किया है।

- केंद्रीय भंडारण निगम मना रहा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम

### कपड़े की थैलियां की गईं वितरित

जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सोमवार को केंद्रीय भंडारगृह रावांभाटा रायपुर ने बिरगांव चौक, रावाभाटा बंजारी मंदिर के सामने, खमतराई मार्केट, भनपुरी चौक सहित अन्य स्थानों पर प्लास्टिक मुक्त घर, मोहल्ला, वार्ड व शहर का संदेश देते हुए यहां आम लोगों को कपड़े की थैलियां बांटी और प्लास्टिक थैलियों का इस्तेमाल नहीं करने के लिए जागरूक किया।

## मंडी में फसलों की बोली लगाकर खरीद रहे व्यापारी

# मंडी में इस बार धान 2000 रुपए से 3350 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी बंद हो गई है, लेकिन मंडियों में अभी भी धान की खरीदी जारी है। मंडी में गैर पंजीकृत किसान हर रोज अपना धान बेचने पहुंचे रहे हैं। व्यापारी भी मंडी में किसानों के धान की क्वालिटी परखकर उसकी बोली लगाकर खरीद रहे हैं।

राजधानी रायपुर के तुलसी-बाराडेरा स्थित कृषि उपज मंडी समिति में पिछले वर्ष की तुलना में इस बार किसानों का धान अधिक कीमत पर खरीदा गया है, जिसके कारण अभी तक 23 सौ से ज्यादा किसान करीब साढ़े 66 हजार क्विंटल धान बेच चुके हैं।

### ये फसलें भी बिकीं

मंडी में गेंहू, सरसों, मक्का, लाखड़ी, सोयाबीन एवं मूंग की फसलों की भी बिक्री हो चुकी है। इन फसलों में गेंहू 14 क्विंटल, सरसों 3 क्विंटल, मक्का 12 क्विंटल, लाखड़ी 551 क्विंटल, सोयाबीन 12 क्विंटल एवं मूंग 9 क्विंटल बिका है। इनमें गेंहू अधिकतम 3350 प्रति भाव तक बिका है। इसी प्रकार सरसों 4800 रुपए, मक्का अधिकतम 2800 रुपए, लाखड़ी अधिकतम 5198 रुपए, सोयाबीन 3300 रुपए, मूंग 4800 रुपए क्विंटल के भाव से बिका है।





### पिछली बार से इस बार धान की ज्यादा खरीदी

पिछले सीजन की अपेक्षा इस बार धान की अधिक खरीदी हुई है। इस बार उच्च क्वालिटी का धान बेचने भी कई किसान पहुंचे थे, जिससे इस बार धान बेचने वाले किसानों की संख्या भी बढ़ी है। गेंहू, मक्का, कोदो, लाखड़ी सहित अन्य दूसरी फसलें बेचने भी किसान आ रहे हैं।

\- **प्रदीप शुक्ला**, सचिव, उपज मंडी रायपुर

### श्रीराम, जीराफूल, विष्णुभोग जैसी उच्च क्वालिटी का धान भी बिका

मंडी में इस बार 1010, महामाया, सरना, आरबीजी के साथ श्रीराम, जीराफूल एवं विष्णुभोग जैसी उच्च क्वालिटी का धान भी बेचा गया है। मंडी में इस बार भी 1010 महामाया, सरना जैसा धान करीब दो हजार रुपए से लेकर अधिकतम 2351 रुपए क्विंटल के भाव तक बिका, वहीं उच्च क्वालिटी का धान श्रीराम, जीराफूल एवं विष्णुभोग अधिकतम 3111 रुपए से लेकर 3350 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिका। इस तरह मंडी में इस बार गैर पंजीकृत किसानों ने पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा धान बेचा है। पिछली बार मंडी में उच्च क्वालिटी के धान की बिक्री नहीं के बराबर हुई है।

### राहर 6725 रुपए व बटरी की 5000 रुपए लगी बोली

धान के अलावा मंडी में अन्य कई प्रकार की फसलें भी बेचने किसान पहुंच रहे हैं। इस बार मंडी में राहर 6725 रुपए एवं बटरी 5000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिका है। हालांकि राहर बेचने अब तक सिर्फ एक किसान ही मंडी पहुंचा, जिसके द्वारा एक क्विंटल फसल ही बेची गई है। इसी प्रकार बटरी की फसल बेचने भी 3 किसान ही पहुंचे हैं, जिनके द्वारा 250 क्विंटल फसल बेची गई है।

### कोदो की फसल 2200-2686 रुपए क्विंटल की दर से बिकी

जिले में इस बार कई गैर पंजीकृत किसानों ने कोदो की फसल भी लगाई है। इनमें से अब तक 3 किसान 9 क्विंटल कोदो की फसल मंडी में बेच चुके हैं। यह फसल क्वालिटी के अनुसार न्यूनतम 2200 रुपए से अधिकतम 2686 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदी गई है।

## 34-35 डिग्री में घूम रहा पारा, 40 की गर्मी मार्च के दूसरे पखवाड़े में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हवा की दिशा में बदलाव होने की वजह से रायपुर का अधिकतम तापमान अभी 34-35 डिग्री के आसपास घूमता रहेगा। इसके प्रभाव से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। राजधानी में 40 डिग्री की गर्मी मार्च के दूसरे पखवाड़े में ही पड़ने की उम्मीद है। एक बार फिर हवा की दिशा में बदलाव होने की वजह से पारा गर्म होने की संभावना बन रही है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी अलग-अलग दिनों में प्रदेश में हवा उत्तर-पूर्व-दक्षिण दिशा से आ रही है। इसके प्रभाव से कमी दिन में तेज धूप तो कभी रात में हल्की ठंडकता का अहसास हो रहा है। हवा का रुख पूर्व फिर दक्षिण होने की वजह से अब दिन का अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना बढ़ गई है।

सोमवार को शहर का मौसम सामान्य स्थिति में रहा। सुबह हल्की ठंड का अहसास हुआ और दोपहर थोड़ी गर्मी महसूस हुई। शाम होने के बाद हवा की गति सामान्य से थोड़ी अधिक होने के कारण ठंडकता लेकर आई। फरवरी के अंतिम दिनों में गर्मी का प्रभाव थोड़ा बढ़ेगा 40 डिग्री की गर्मी रायपुर में मार्च महीने में होली के बाद ही महसूस होगी। पिछले चौबीस घंटे में दुर्ग सबसे अधिक गर्म रहा और रात का सबसे कम तापमान 11.6 अंबिकापुर में रिकार्ड किया गया।

## साय ने कहा- विकसित राज्य के निर्माण में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, अन्नदाताओं का सम्मान मां अन्नपूर्णा के सम्मान की तरह है। किसानों की समृद्धि से ही मजबूत ग्रामीण विकास का आधार तैयार हुआ है और शहरी अर्थव्यवस्था भी इससे बेहतर हुई है। अन्नदाताओं के श्रम से मिली शक्ति और उत्साह से ही हम छत्तीसगढ़ को संवार रहे हैं। विकसित छत्तीसगढ़-विकसित भारत बनाने में किसानों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वाले किसानों को बधाई दी और उन्हें सम्मानित भी किया। चौदह महीनों के अंतराल में हमने किसान भाइयों के खाते में करीब एक लाख करोड़ रुपए भेजा है। अन्नदाताओं को अच्छा मूल्य मिलने से उनके जीवन खुशहाली आयी है। किसान आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं।




### कृषि भूमि की अनिवार्यता को शिथिल

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में अब तक 9712 करोड़ 58 लाख रुपए की सम्मान निधि प्रदेश के किसानों को दी जा चुकी है। वर्ष 2023-24 की तुलना में 2 लाख 75 हजार से अधिक किसान भाइयों को इस योजना का लाभ मिला है। योजना का लाभ हमारे 2 लाख 34 हजार वन पट्टा धारी किसानों और 32 हजार 500 विशेष पिछड़ी जनजाति के किसानों को भी मिल रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति के किसान भाइयों को योजना का लाभ मिल सके, इसके लिए कृषि भूमि की अनिवार्यता को शिथिल किया गया।

### किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। इसके लिए उनका जोर उद्यानिकी फसलों, फसल विविधीकरण तथा पशुपालन पर भी है। हम उद्यानिकी तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने विशेष कार्य कर रहे हैं। साथ ही पशुपालन को प्रोत्साहन देते हुए दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एनडीडीबी के साथ हमने एमओयू भी किया है। इससे दुग्ध क्रांति की दिशा में प्रदेश अग्रसर हो गया है। हमारी सरकार लगातार किसानों की आकांक्षाओं को पूरा कर रही है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत प्रदेश के 5 लाख 62 हजार भूमिहीन किसानों के खाते में दस-दस हजार रुपए की राशि भी हमने दी है।


## साइंस कालेज से रविवि गेट के सामने तक मनाया जाएगा राहगीरी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सड़क सुरक्षा पर्यावरण जागरूकता थीम, 1 मार्च शाम 5 से 8 बजे, 2 मार्च सुबह 7 से 10 बजे कार्यक्रम
- नगर निगम रायपुर और राहगीरी फाउंडेशन का संयुक्त आयोजन
- जुंबा, योग, साइकिल चलाना सहित खेल प्रतियोगिता आकर्षण का केन्द्र

नगर निगम के संस्कृति विभाग और राहगीरी फाउंडेशन के सहयोग से शहर में सड़क सुरक्षा और पर्यावरण जागरूकता थीम पर दो दिवसीय राहगीरी दिवस का आयोजन किया जा रहा है। 1 मार्च को शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे और 2 मार्च को सुबह 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक विविध गतिविधियां देखने को मिलेंगी। राजधानी के जीई रोड पर साइंस कालेज गेट के सामने से लेकर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय गेट तक आयोजन किया जायेगा। इसमें जुंबा, योग, विविध गतिविधियां, चिकित्सा शिविर, साइकिल चलाना सहित खेल प्रतियोगिता शामिल रहेगी। 1 और 2 मार्च को शहरवासियों के लिए राहगीरी दिवस का आयोजन शहर में पहली बार राहगीरी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। नागरिकों को सड़क सुरक्षा, फिटनेस गतिविधि, पर्यावरण जागरूकता सहित सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने कार्यक्रम आयोजित है। शहर के जीई रोड पर साइंस कालेज गेट के सामने से विश्वविद्यालय गेट तक विविध गतिविधियां की जायेंगी। राहगीरी फाउंडेशन की ओर से देश के विभिन्न शहर जैसे गुरुग्राम, दिल्ली में राहगीरी दिवस का आयोजन कर समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ लाने अलग-अलग गतिविधियां आयोजित कर जोड़ा गया। राहगीरी दिवस के दिन शहर की किसी सड़क या स्थल को नो व्हीकल जोन घोषित कर आयोजन किये जाते हैं। आयोजकों का कहना है कि बाकी शहरों में राहगीरी दिवस केवल एक दिन आयोजित किया जाता है, पर रायपुर शहर में दो दिवसीय राहगीरी दिवस का आयोजन 1 व 2 मार्च को किया जायेगा।

## किसानों की आय बढ़ाने के लिए सांसद बृजमोहन ने दिए सुझाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा सचिवालय की रसायन और उर्वरक संबंधी स्थाई समिति की महत्वपूर्ण बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्रालय के अधिकारियों से विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया।

उन्होंने उर्वरक, रसायन, पेट्रोकेमिकल और औषधि क्षेत्र में सरकार की नीतियों और योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत दिए। इसमें सबसे अहम सुझाव किसानों की आय बढ़ाने का है। श्री अग्रवाल ने सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ समेत देश के किसानों को समय पर और किफायती दरों पर उर्वरक मिल सके, जिससे उनकी उत्पादन लागत कम हो और कृषि क्षेत्र में मजबूती आए। उन्होंने देश में रसायन उद्योग को सशक्त करने और फार्मा सेक्टर में आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर बल दिया। इसके तहत छोटे और मध्यम उद्यमों को विशेष सुविधाएं दिए जाने की मांग की, जिससे वे भी इस क्षेत्र में अपनी भागीदारी बढ़ा सकें। श्री अग्रवाल ने नैनो डीएपी और नैनो यूरिया को बढ़ावा देने की मांग की, जिससे किसानों को अधिक किफायती और प्रभावी उर्वरक उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा, सरकार द्वारा 1.94 लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी प्रदान की जा रही है, नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के उपयोग से सरकार को 2 लाख करोड़ रुपए तक सब्सिडी व्यय में कमी आएगी, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# निगमों के सभापति और पालिका, नगर पंचायतों के उपाध्यक्षों के नामों का पैनल बनाएंगे पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव में बड़ी सफलता के बाद अब भाजपा की सभी नगर निगमों में सभापति, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष बनाने की कवायद प्रारंभ हो गई है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में हुई बैठक में तय किया गया है, 4 से 6 मार्च तक नगर निगमों के सभापति, नगर पालिकाओं के उपाध्यक्ष और 9 से 11 मार्च तक नगर पंचायतों के उपाध्यक्ष तय हो जाएंगे।

सभी पर्यवेक्षकों को अपने-अपने जिम्मे वाले निकाय में जाकर वहां पर सभी से रायशुमारी करके एक मार्च तक नामों का पैनल बनाकर प्रदेश संगठन को देने के निर्देश दिए गए हैं। निगमों के जोन अध्यक्षों के साथ एमआईसी के संभावित नामों की सूची भी संगठन को पर्यवेक्षक देंगे। इसके बाद प्रदेश संगठन नामों का ऐलान करेगा। ठाकरे परिसर में प्रदेश संगठन की बैठक में सभी निकायों के पर्यवेक्षकों, संभाग और जिलों के प्रभारियों के साथ जिला अध्यक्षों को बुलाकर निकाय चुनाव को लेकर बड़ी बैठक की गई। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय निकाय मंत्री और डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी की उपस्थिति में बैठक में पर्यवेक्षकों को बताया गया कि उनको क्या करना है।




### तीन-तीन नामों का बनेगा पैनल

भाजपा को सभी नगर निगमों में जीत मिली है। ऐसे में सभी में भाजपा के सभापति बनने तय हैं। सभापति के नाम तय करने के लिए पर्यवेक्षकों को सभी पार्षदों से रायशुमारी करके तीन-तीन नामों का पैनल बनाने के लिए कहा गया है। इसी के साथ निगमों में जोन अध्यक्षों के लिए भी नामों का पैनल बनेगा। इसके अलावा निगमों में बनने वाली एमआईसी के संभावित नामों की सूची भी पर्यवेक्षक बनाएंगे। नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के लिए उपाध्यक्षों के नामों का पैनल पर्यवेक्षक बनाकर प्रदेश संगठन को देंगे। इसी के साथ प्रेसिडेंट इन काउंसिल के संभावित सदस्यों के लिए भी नामों की सूची रायशुमारी करके बनाकर देंगे।

### वादे करेंगे पूरे : मुख्यमंत्री साय

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में कहा, यह जीत हमारे शीर्ष नेतृत्व और सभी कार्यकर्ताओं की जीत है। प्रदेश के हर कोने में हमने विकास कार्य शुरू किए हैं। हमारे रोड शो में जैसी भीड़ उमड़ रही थी उससे ही जीत का विश्वास हो गया था। हमारे वरिष्ठ नेता शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन का भी लागतार मार्गदर्शन मिलता रहा। कई जगहों पर कांग्रेस अपने प्रत्याशियों घोषित नहीं कर पाई। जनता का अपार आशीर्वाद हमारी जिम्मेदारी और बढ़ाता है, हम उस पर पूरी तरह खरे उतरेंगे, जनता के कार्यों के लिए हम दिन-रात काम करेंगे, कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हमने जो भी वादे किए हैं, उनको पूरा किया जाएगा।

## जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव कराएंगे कलेक्टर, आयोग का काम हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में त्रि-स्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होने के साथ ही अब राज्य निर्वाचन आयोग का काम लगभग पूरा हो गया है।

अब राज्य के जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव होना है। बताया गया है कि जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा होने और उसका नोटिफिकेशन जारी होने के बाद जिलों में जिला कलेक्टर जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। राज्य में तीन चरणों में हुए पंचायतों के चुनाव की जो जानकारियां अभी सामने आ रही हैं वह राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आधिकारिक परिणाम घोषणा नहीं है। बताया गया है कि राज्य के सभी जिलों से जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव परिणामों का टेबुलेशन किया जाएगा। इसके बाद आयोग परिणाम की आधिकारिक घोषणा करेगा। यह काम अभी आयोग के हिस्से में बाकी है। बताया गया है कि आधिकारिक परिणाम जारी होने के बाद पंचायत विभाग के माध्यम से उसका नोटिफिकेशन कराया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिला कलेक्टर जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया कराएंगे। पंचायत चुनाव के जानकारों के अनुसार जिला पंचायत सदस्य चुनाव का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद जिला कलेक्टर अपने अपने जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.


नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


वीरभद्र महायज्ञ व प्राणप्रतिष्ठा
मूल मंत्र-ॐ नमो भगवते सदाशिवाय
दिनाँक
30 मार्च 2025 से 06 अप्रैल 2025
यज्ञाहुति समय
प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक
तीर्थराज देवि निकुंभला मंदिर व नगरी निर्माण कार्य जिसमे 4 एकड़ मंदिर
7 एकड़ परकोटा 25 एकड़ परिसर भूमि
जिसकी लागत एक लाख एक हजार करोड़ रुपये होगी
इस उद्देश्य को लेकर संत श्री माताजी
संत श्री माता जी
संस्थापक
तीर्थराज देवि निकुंभला
राजलक्ष्मी मंदिर
जय शक्ति आश्रम
ग्राम – निकुम, जिला – दुर्ग (छ.ग.)
तत्व तत्व से बनेगा तीर्थराज देवि निकुंभला धाम । एक दिन सारे जगत में होगा छत्तीसगढ़ का नाम ॥

## खबर संक्षेप

### अचौद के ग्रामीणों ने आकाश को सौंपी ग्राम विकास की जिम्मेदारी



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत अचौद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का तीसरा चरण का मतदान 23 फरवरी रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। जहां इस पंचायत में आरक्षण सामान्य सीट होने से सरपंच पद के लिए कुल 10 युवा प्रत्याशियों ने मैदान में उतरकर अपना अपना भाग्य आजमाया। उनमें से 26 वर्षीय आकाश कुमार चन्द्राकर ने 176 मत पाकर जीत हासिल की। आकाश चन्द्राकर ने अपनी जीत का श्रेय गांव की जनता को देते हुए उनका आभार जताया। उन्होंने गांव के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही।

### कजराबांधा सरपंच खोमलाल ने लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत कजराबांधा (चाराचार) में खोमलाल साहू ने सरपंच पद पर 88 वोट से जीत हासिल कर सरपंच निर्वाचित हुए। इस जीत की खुशी में ग्रामवासियों ने ग्राम में विजयी रैली निकाली, जहां जगह-जगह गांव वालों ने गुलाल लगाकर व पुष्प मालाओं से स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर नव निर्वाचित सरपंच खोमलाल साहू ने बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते हुए सब के सुख-दुख में साथ खड़ा रहूंगा।

### भूमिपूजन व जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आज

**गुण्डरदेही।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा खरीदे गए 9 डिसमिल जमीन की भूमिपूजन किया जाएगा। इनके साथ साथ 5 कुंडीय महायज्ञ एवं शिवलिंग जलाभिषेक के साथ सम्पन्न होगा। बता दें कि तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा समाजिक बंधुओं के सहयोग से साहू सदन से लगी 9 डिसमिल जमीन खरीदी गई है। इस भूमिपूजन के साथ-साथ भू क्रय में दान दिए दानदाताओं और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजय हुए स्वजातीय बंधुओं का सम्मान तहसील साहू संघ द्वारा किया जाएगा।

### दोस्त पर प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** दोस्त पर प्राण घातक हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 109,25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरोपी से धारदार चाकू भी जब्त किया है। दुर्ग कतोवाली पुलिस ने बताया कि शिव नगर राजीव नगर वार्ड नंबर 02 दुर्ग निवासी सरस्वती गायधनी ने शिकायत किया था कि 19 अगस्त 2024 की रात अपने घर में खाना खाकर दरवाजा के पास बैठी थी। तभी बेटा राहुल गायधनी दोस्त सौरभ साहू ऊर्फ मंडल के साथ बाइक से आया। रात 1.30 बजे पीड़िता के पहचान वाली राजीव नगर निवासी उषा पाल ने बताया कि राहुल गायधनी को सौरभ मंडल ने गार्डन मोड के पास हत्या करने की नियत से धारदार चाकू से गले में, गाल में, पीठ, छाती में वार कर चोट पहुचाया है।

### जिले में भाजपा-कांग्रेस के साथ बागी होकर चुनाव लड़ने वाले निर्दलीय भी सक्रिय

# अब जिला और जनपद पंचायतों में शुरू हुई अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए जोड़-तोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के सम्पन्न होने के साथ ही जिला व जनपद पंचायतों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाने के लिए जोड़-तोड़ का खेल शुरू हो गया है। भाजपा व कांग्रेस प्रमुख पार्टियों ने जिला पंचायत सदस्य के लिए अपने अधिकृत उम्मीदवार घोषित किए थे। वैसे तो पंचायत चुनाव पार्टी सिम्बाल के आधार पर नहीं होते, फिर भी ऐसे में चुनाव परिणाम आने के बाद अब अध्यक्ष उपाध्यक्ष के लिए जोड़तोड का गणित शुरू हो गया है। इसके अलावा जनपदों में भी इस पद के लिए लॉबिंग होने लगी है।

गौरतलब है कि बेमेतरा जिले के जिला पंचायत में 4 विकासखंड अंतर्गत 14 जिला पंचायत क्षेत्रों से सदस्यों का चुनाव हुआ है। तीनों चरणों में हुए चुनाव के बाद परिणाम भी सामने गए हैं। ऐसे में अब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए सत्ताधारी दल के साथ प्रमुख विपक्षी पार्टी के लोग भी सक्रिय हो गए है। खास करके 15 सदस्यीय जिला पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए लॉबिंग होने लगी है। जिला पंचायत अध्यक्ष का पद इस बार सामान्य महिला के लिए आरक्षित है। ऐसे में इस वर्ग से विजयी नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य इस पद पर अपनी दावेदारी कर रही है, तो दूसरी ओर उपाध्यक्ष को लेकर भी जोड़-तोड़ का खेल शुरू हो गया है। इसके लिए ना केवल भाजपा और कांग्रेस बल्कि पार्टी से घोषित उम्मीदवार के विरूद्ध बागी जीतकर आए नवनिर्वाचित सदस्य भी दावेदार बताए जा रहे हैं।




#### बागी चुनाव लड़कर जीतने वाले हो गए अपने

जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों ने अपने अधिकृत उम्मीदवार उतारे थे। इसके अलावा दोनों ही पार्टियों में कई जगहों पर अपने लोगों ने बगावत का रूख अपनाया और वे चुनाव मैदान में उतर गए। इस दौरान पार्टी के नेताओं ने अधिकृत प्रत्याशियों का प्रचार किया, परंतु जिन क्षेत्रों में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी हार गए, वहां तो बागियों के खिलाफ शिकवा शिकायतें हो रही है, लेकिन जिन क्षेत्रों में बागी प्रत्याशी ही चुनाव जीतकर जिला पंचायत पहुंच गए हैं। उन्हें अपनाने में पार्टी द्वारा जरा भी देर नहीं किया जा रहा है। जिले के 5 क्षेत्रों में इसी तरह के जीते हुए बागी प्रत्याशियों का पार्टी संगठन में स्वागत भी होने लगा है।

#### अपने पक्ष में लेने आजमाए जा रहे तरह-तरह के पैंतरे

इधर जिले के चारों जनपद पंचायतों में भी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए जोड़तोड़ का खेल शुरू हो गया है। अध्यक्ष का पद जिस वर्ग के लिए आरक्षित है, उसे देखते हुए दावेदार अपना समीकरण जमाने में लगे हैं। स्थिति यह है कि परिणाम आने के बाद से ही अब नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों को साधने का काम होने लगा है। जनपद में कुल सदस्यों की संख्या के साथ बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर आने वाले सदस्यों पर भी दावेदारों के अलावा प्रमुख पार्टियों की नजरें है। ऐसे में ना केवल उनसे सतत संपर्क किया जा रहा है बल्कि उन्हें अपने पक्ष में ज लाने के लिए हर तरह के पैतरे भी अपनाए जा रहे हैं। कुल मिलाकर तीनों चरणों में पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद अब जनपद पंचायतों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और जिला पंचायत में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लिए लॉबिंग शुरू हो गई है।

# समाज सेवी बसंत अग्रवाल ने बागेश्वर धाम में प्रधानमंत्री मोदी का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छतरपुर, मध्य प्रदेश स्थित श्री बागेश्वर धाम में ऐतिहासिक और पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री बागेश्वर धाम कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च इंस्टिट्यूट का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ।

यह संस्थान देशभर के कैंसर रोगियों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत समाजसेवी बसंत अग्रवाल ने विशेष रूप से उनका अभिनंदन करते स्वागत किया। इस मौके पर हेमेंद्र साहू, आजाद गुर्जर, आशीष सोनी, जिवेश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अलावा इस भव्य कार्यक्रम में स्वामी रामभद्राचार्य, साध्वी ऋतंभरा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, सांसद वी.डी. शर्मा, केंद्रीय एवं राज्य सरकार के कई मंत्री, प्रशासनिक अधिकारी और समाजसेवी उपस्थित रहे। समाज सेवी बसंत अग्रवाल ने बताया कि श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की अगुवाई में इस परियोजना का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क एवं सुलभ उपचार उपलब्ध कराना है। यह संस्थान बुंदेलखंड सहित पूरे देश के लिए वरदान साबित होगा और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से कैंसर जैसी घातक बीमारी से लड़ने में मदद करेगा।

# ग्राम पंचायत बैजलपुर में निकाली विजय रैली



**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत बैजलपुर में जनपद क्षेत्र क्रमांक 21 से कौशिल होमलाल साहू ने जनपद सदस्य निर्वाचित होने के बाद विजय रैली निकाली। रैली में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा भी शामिल हुए। उन्होंने आम जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ चुना है, उनका विश्वास कायम रखना कांग्रेस की जिम्मेदारी है। पूर्व विधायक ने आम जनता को विश्वास दिलाया कि उन्होंने जिस विश्वास के साथ जनहित के लिए जो भी करना पड़ेगा वह सभी कदम उठाएंगे। कार्यक्रम में लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा ललित विश्वकर्मा प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा शशि प्रभा गायकवाड़ जिला पंचायत सदस्य मनोज शर्मा बोधन साहू धनंजय साहू लक्ष्मण डेहरे सरपंच ग्राम पंचायत फरी पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के तहत कृषक पंजीयन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कृषक पंजीयन की प्रगति को लेकर हुई समीक्षा बैठक

कृषक पंजीयन डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के तहत एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर के कृषि भूमि स्वामी की एक व्यापक और एकीकृत पंजीयन बनाना है। यह पंजीयन यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है कि सरकारी योजनाएँ और लाभ सही लाभार्थियों तक कुशलतापूर्वक पहुँचे। कृषक पंजीयन न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा देती है बल्कि कृषि अनुदान, बीमा और इसी तरह की अन्य सहायता प्रणालियों के वितरण को भी सुव्यवस्थित करती है। कृषक पंजीयन कृषि क्षेत्र के डिजिटल परिवर्तन का अभिन्न अंग है जिससे कृषकों की आजीविका में सुधार के लिए बेहतर योजनाएं, नीति निर्माण और संत्ताधन का आबंटन संभव हो पाता है। कृषक पंजीयन कृषि भूमिधारक के पहचान पत्र (फार्मर आईडी) को भूमि स्वामित्व के साथ जोड़कर कृषक को सत्यापित करती है। इस परियोजना में कृषकों का पंजीयन किया जा रहा है। इसी की प्रगति की समीक्षा करने मंगलवार जिला पंचायत के सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में टेकचंद अग्रवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, डॉ. अनिल कुमार वाजपेयी अपर कलेक्टर,एम. डी. डड़सेना, उप संचालक कृषि, डॉ. दिप्ती वर्मा संयुक्त कलेक्टर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सहित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे। उप संचालक कृषि ने बताया कि कृषकों का पंजीयन सीएससी, स्व पंजीयन तथा सेवा सहकारी समिति के माध्यम से किया जा रहा है। जिले में लगभगत 186000 भू-धारक कृषक है। 25 फरवरी तक 20050 कृषकों का पंजीयन हो गया है साथ ही बताया कि केसीसी, ऋण, खाद बीज वितरण, फसल बीमा, किसान सम्मान निधि आदि भी एग्रीस्टेक परियोजना के अंतर्गत ही आता है एवं भविष्य में इन योजनाओं का लाभ इस परियोजना अंतर्गत पंजीकृत कृषकों को ही मिल पायेगा। इसके बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल ने विकासखण्ड्वार व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीवार कृषक पंजीयन की प्रगति की समीक्षा की, सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह परियोजना केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। अतः सभी कृषकों का पंजीयन जल्द से जल्द करवायें। अंत में डॉ. अनिल कुमार वाजपेयी, अपर कलेक्टर द्वारा इस परियोजना के बारे में संक्षिप्त में जानकारी देते हुए तहसीलदार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, पटवारी, ग्राम कोटवार एवं सीएससी के आपसी समन्वय से समय पर पंजीयन कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।



# छात्र की आत्महत्या के मामले में युकां ने की जांच व कार्रवाई की मांग, किया पैदल मार्च

**नगर के जय स्तंभ चौक के पास बड़ी संख्या में जुटे लोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

15 दिन बीत जाने के बाद भी 14 साल के छात्र की खुदकुशी का मामला सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। एक ओर जहां मुस्लिम समुदाय सहित अन्य संगठनों ने एसपी को ज्ञापन सौंप कर उचित कार्रवाई और न्याय की मांग की है, तो वहीं दूसरी ओर यूथ कांग्रेस भी छात्र को न्याय दिलाने के लिए सामने आई है।

10 फरवरी को रेलवे कॉलोनी निवासी 14 वर्षीय छात्र तौसिफ जो की ब्लेज अकैडमी बालोद का कक्षा आठवीं का छात्र था, की लाश उसके घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटकती हुई मिली थी। वहीं, छात्र की खुदकुशी के बाद स्कूल प्रबंधन पर तमाम तरह के आरोप लग रहे थे, जिसमें से एक स्कूल के शिक्षक के प्रताड़ना की शिकायत भी थी। मुस्लिम समुदाय सहित अन्य संगठनों के सदस्य मंगलवार को नगर के जय स्तंभ चौक के पास एकत्रित हुए, फिर वहां से बड़ी संख्या में पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे। सभी ने छात्र को न्याय दिलाने की मांग की। साथ ही शाम 7:30 बजे कैंडल मार्च निकालकर जय स्तंभ चौक के पास मृत छात्र को श्रद्धांजलि दी। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता मंगलवार को कांग्रेस भवन से उमरदहा पहुंचे, जहां से पैदल मार्च निकालकर स्कूल पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया था।

यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले पुलिस के अधिकारी राजेश बागडे और टीआई रविशंकर पांडे से चर्चा की। उन्होंने स्कूल प्रबंधक के जिम्मेदारों को चर्चा करने की बात कही। उसके बाद स्कूल प्रबंधन को मौके पर बुलाया गया, जहां पुलिस बल की मौजूदगी में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने स्कूल प्रबंधक से चर्चा की। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मामले में निष्पक्ष जांच कर छात्र को न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने मुआवजा दिए जाने की मांग स्कूल प्रबंधन के पास रखी।





# नवनिर्वाचित सरपंच राधे ने कराया नेवता भोज...



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला व हाई स्कूल खिलोरा में नवनिर्वाचित सरपंच राधे साहू द्वारा न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। नेवता भोज में हलवा, पूड़ी, चावल दाल मटर पनीर टमाटर चटनी सलाद पापड़ चॉकलेट सामग्री परोसा गया। नवनिर्वाचित सरपंच राधे साहू ने सभी बच्चो को मन लगाकर पढ़ाई लिखाई व लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राधे साहू की धर्मपत्नी संध्या साहू माता जी ईश्वरी साहू निवर्तमान सरपंच भुनेश्वर साहू, तेजेश्वर साहू अध्यक्ष, पी आर पात्रे प्रधान पाठक मिडिल स्कूल, यशवंत वर्मा प्रधान पाठक गैंदराम वर्मा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला नीलेश सोनी, मनोज वर्मा, नेहरानी ग्रन्द्रे, सूचित निषाद निर्मला साहू, मोहनी सोनी, शिक्षकगण व अश्वनी यादव, लाता साहू, सावित्री साहू, सुशीला साहू आदि उपस्थित थे।

# भगवान शिव ने बताया गृहस्थ आश्रम में रहकर भी वैराग्य व योग का पालन करने का तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम बाघुल में चल रही शिव महापुराण कथा के पांचवे दिन कथा वाचक पं प्रदीप चौबे ने शिव पार्वती विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है।

भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गए हैं, परंतु शिव ने विवाह भी कर संसार को गृहस्थ आश्रम में रहकर भी वैराग्य व योग धर्म का अनुशरण करने का तरीका दिया। इस अवसर क्षेत्र क्रमांक 07 से नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय भी कथा में शामिल होने पहुँचीं। उन्होंने व्यास पीठ का पूजन कर कथा वाचक का शाल व श्रीफल से सम्मान किया। इस दौरान पंच संजू साहू, तरुण साहू, प्रीति सोनकर, बद्री, जगमोहन, परमेश्वर ध्रुव, रामबिहारी साहू, केदार साहू, सतिराम ध्रुव, सुंदर साहू, रामकिशुन साहू, दिलीप रजक, सोनू रजक, तारण साहू, प्रमोद साहू सहित भारी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।





#### जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का करूंगी प्रयास : मधु

मधु रॉय ने जिला पंचायत में जीत को समस्त जनता का आशीर्वाद बताते हुए सभी ग्रामवासियों का आभार जताते हुए क्षेत्र के विकास के लिए भरसक प्रयास करनी की बात कही। उन्होंने ग्रामवासियों की मांग पर बटेश्वर महादेव बाउंड्रीवाल एवं महिलाओं के स्नान लिए पचरी निर्माण के लिए पूर्ण प्रयास करने का आश्वासन दिया। सरपंच कृष्णि देवी साहू ने कहा कि लोगों ने मुझ पर विश्वास जताया है, जिला पंचायत सदस्य के साथ मिलकर मधु रॉय गांव के विकास के लिए काम करूंगी।

